# आर्यभट्ट ज्ञान विश्वविद्यालय, पटना

मीठापुर, पटना – 800001

Ref. No. 005/Exam/001/AKU/2020-1926 Date.29.06.2020

## अधिसूचना

विश्वविद्यालय द्वारा दिनांक 24.06.2020 को आयोजित विशेषज्ञ समिति के सदस्यों की बैठक में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग एवं ए०आई०सी०टी०ई० द्वारा दिनांक 04 मई, 2020 को जारी दिशा–निर्देशों के अनुरूप निम्नवत निर्णय लिए गए हैं:–

1. आर्यभट्ट ज्ञान विश्वविद्यालय, पटना से संचालित हो रहे बी०टेक०/ बी०फार्म०/ व्यावसायिक/एम०बी०ए०/एम०सी०ए०/ एम०टेक0/ एम०एड० के पाठ्यक्रमों के शैक्षणिक सत्र 2019–20 में नामांकित छात्र/छात्राओं को (अंतिम सेमेस्टर के छात्र/छात्राओं को छोड़कर) अगले शैक्षणिक सत्र 2020–21 में प्रोन्नत किया जाता है।

2. प्रोन्नत प्राप्त छात्र/छात्राओं के सम सेमेस्टर के अंक का निर्धारण महाविद्यालय द्वारा छात्र/छात्राओं को प्रद्दत आंतरिक अंक और छात्र/छात्राओं को विषम सेमेस्टर की परीक्षा में प्राप्त अंक के प्रदर्शन के आधार पर किया जायेगा। जिसमें 50 प्रतिशत अंक का वेटेज आंतरिक अंक के आधार पर एवं 50 प्रतिशत अंक का वेटेज उनके पिछले विषम सेमेस्टर में प्राप्त अंक के आधार पर किया जायेगा।

3. केवल वही नियमित छात्र, उपरोक्त वर्णित कंडिका 02 के अनुरूप मूल्यांकन के लिए पात्र होंगे जो सत्र 2019–20 के सम सेमेस्टर (2, 4, 6 सेमेस्टर, जो जिससे संबंधित हो) की परीक्षा केलिए ऑनलाइन परीक्षा फार्म भरेंगे। ऑनलाइन परीक्षा फार्म भरने की तिथि 06.07.2020 से 21.07.2020 तक निर्धारित की गयी है। भविषय में कोविड–19 की परिस्थिति सामान्य होने पर सभी महाविद्यालयों को परीक्षा फार्म के हार्ड कॉपी को विश्वविद्यालय में अनिवार्य रूप से जमा करेंगे।

4. विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालयों के उक्त पाठ्यक्रमों में नामांकित छात्र, जो किन्हीं कारणों से विषम सेमेस्टर (1, 3, 5 एवं 7 सेमेस्टर, जो जिससे संबंधित हो) की परीक्षा में शामिल नहीं हो सके हों, उन्हें भी अगले शैक्षणिक वर्ष में निम्न प्रक्रियान्र्तगत प्रोन्नत किया जाता है।

   "इन छात्र/छात्राओं के परीक्षा परिणाम तब प्रकाशित किए जायेंगे जब वे विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित विशेष परीक्षा के विषम सेमेस्टर के विषयों की परीक्षा में सम्मिलित होंगे। ऐसे छात्रों को सम सेमेस्टर के (उपरोक्त वर्णित कंडिका–02 के अनुरूप) अंक प्राप्त करने हेतु विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित विशेष परीक्षा के विषम सेमेस्टर के विषयों की परीक्षा में अनिवार्य रूप से शामिल होना होगा।"

**महत्वपूर्णः–** कोविड–19 के प्रसार को देखते हुए विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित होने वाली विषम सेमेस्टर (1, 3, 5 एवं 7 सेमेस्टर) विशेष परीक्षा एवं अंतिम सेमेस्टर की परीक्षाओं की तिथि राज्य/केन्द्र सरकार, एम.एच.आर.डी./यू.जी.सी. द्वारा जारी आवश्यक सलाह/दिशा निर्देशों के अनुरूप की जायेगी।

महाविद्यालयों से अनुरोध है कि नए शैक्षणिक सत्र 2020–21 में प्रोन्नत छात्र/छात्राओं के पाठयक्रमों का संचालन कोविड–19 के लिए राज्य/केन्द्र सरकार, एम.एच.आर.डी./यू.जी.सी. द्वारा जारी आवश्यक सलाह/दिशा निर्देशों का पालन करते हुए अविलंब प्रारंभ करें।

कुलपति के आदेशानुसार

परीक्षा नियंत्रक

आर्यभट्ट ज्ञान विश्वविद्यालय, पटना

Circulate

2.7.20

341-D:\Users\Public\Latter Pad AKU-Hindi- Abhijit sir.docx

Scanned with CamScanner